फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत – उपखण्ड अधिकारी मुकाम –जहाजपुर (भीलवाडा)

श्री चारभुजा जी जरिये संरक्षक पुजारी रामस्वरूप पिता केसरलाल पाराशर नि. धौड

बनाम

मांगीलाल पिता छीतर मीणा नि. धौड वगैरा

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 628/2021

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज | नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुये |
|---|---|---|
| 25.10.21 | प्रार्थना पत्र प्रशासन गॉवों के संग अभियान में पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि श्री चारभुजा जी के खातेदारी में दर्ज भूमि जिस पर मै प्रार्थी काबिज होकर काश्त कर रहा हुँ जो कि ग्राम बाबाजी का खेडा प. ह. धौड तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 506, 507, 508, 509, 510, 511, 512, 513, 514 कुल किता 09 रकबा 2.5252 है. स्थित है। उक्त वर्णित मंदिर की कृषि आराजी के अप्रार्थीगण पडौसीगण है जो कि प्रार्थी के साथ सीमा को लेकर आए दिन विवाद करते रहते है। अप्रार्थीगण खूंखार एवं लडाकू प्रवृत्ति के व्यक्ति है। अप्रार्थीगण मंदिर की आराजी पर जबरन कब्जा करना चाहते है। एवं प्रार्थी द्वारा श्रीचारभुजा जी के खेत की मेर आदि की घास फसल आदि काटते समय लडाई झगडा करने को आमादा होते है। अतः पत्थरगढी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है।<br>मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलगन नकल जमाबन्दी सम्वत 2074 से 2077 तक के अवलोकन से पत्थरगढी किये जाने वाली भूमि प्रार्थी के स्वामित्व की हैं। पडोसियान के विवाद करने बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं।<br>अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है तथा भूमि ग्राम बाबाजी का खेडा प. ह. धौड तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 506, 507, 508, 509, 510, 511, 512, 513, 514 कुल किता 09 रकबा 2.5252 है. की बसामलात पडोसियान के पत्थरगढी करने हेतु भू अभिलेख निरीक्षक शक्करगढ को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 1000– रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पालना रिपोर्ट शिघ्र प्रस्तुत करे।<br>आदेश आज दिनांक 25.10.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br><br>उपखण्ड अधिकारी,<br>जहाजपुर(भीलवाडा) | |

Scanned with CamScanner